# लेके हम फरियाद मैया | By Kundan Sonkar |

लेके हम फरियाद मैया
दर पे तेरे आए हैं
रखना मेरी आबरू
चौखट पे सर को झुकाए हैं
लेके हम फरियाद मैया
दर पे तेरे आए हैं

खाली तेरे द्वार से
कोई कभी लौटा नहीं
देखती है सबको मैया
सब पे हैं नज़रें तेरी
चाहे वो हिंदू हो मुस्लिम
सब पे है तेरी नज़र
सबकी रखती है खबर
हम हैं जहाँ से बेखबर
रखना मेरी आबरू
चौखट पे सर को झुकाए हैं
लेके हम फरियाद मैया
दर पे तेरे आए हैं

जो भी माँगोगे मिलेगा
ऐसा संतों से सुना
हम भी इस विश्वास पे
मैया के दर को है चुना
जो भी भटके राह से
मंज़िल उन्हें दिखलाती है
अपने भक्तों की खलिश ना
देख मैया पाती है
रखना मेरी आबरू
चौखट पे सर को झुकाए हैं
लेके हम फरियाद मैया
दर पे तेरे आए हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%ab%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%a6-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-by-kundan-sonkar/